कार्यालय – अधिष्ठाता, शैक्षिक किया कलाप

हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर– 208 002

:: कार्यालय ज्ञाप ::

शैक्षिक सत्र 2018–19 के **सम संख्यक सेमेस्टर की नियमित एवं कैरी ओवर परीक्षायें दिनांक 10/05/2019 से 21/05/2019 के मध्य** होना निर्धारित है। विश्वविद्यालय के बी0टेक0, एम0सी0ए0, एम0टेक0 एवं पी0एच0डी0 (पूर्णकालिक एवं अंशकालिक) पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत् समस्त छात्रों हेतु सम संख्यक सेमेस्टर के नियमित एवं कैरी ओवर के परीक्षा आवेदन पत्र दिनांक 20/04/2019 (दिन शनिवार) से विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.hbtu.ac.in पर ऑनलाइन उपलब्ध होंगे। सम संख्यक सेमेस्टर की परीक्षा देने हेतु अर्ह समस्त छात्र वेबसाइट पर उपलब्ध परीक्षा फार्म को ऑनलाइन पूर्ण करना दिनांक 25/04/2019 दिन गुरूवार (रात्रि तक) सुनिश्चित करें। इस समयावधि के उपरान्त ऑनलाइन परीक्षा फार्म उपलब्ध नहीं होगा।

सम संख्यक सेमेस्टर परीक्षा में **"एक्स" के रूप में सम्मिलित हो रहे छात्र अपने पूर्व में जमा किये गये परीक्षा शुल्क** का ब्यौरा ऑनलाइन अंकित करेंगे। सम संख्यक सेमेस्टर की **कैरी ओवर परीक्षाओं में सम्मिलित हो रहे छात्र रू0 1000.00 प्रति विषय** के निर्धारित परीक्षा शुल्क को **सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया, एच0बी0टी0यू0, कानपुर शाखा के खाता संख्या 3569138000** में जमा करने के पश्चात् शैक्षिक अनुभाग के निर्धारित पटल सहायक के पास इस हेतु बने रजिस्टर में स्वयं प्रविष्टि करते हुए जमा करना सुनिश्चित करें। कैरी ओवर परीक्षा शुल्क का ब्यौरा ऑनलाइन अंकित करने के उपरान्त ही ऑनलाइन परीक्षा फार्म की प्रक्रिया पूर्ण होगी।

शैक्षिक सत्र 2018–19 के सम संख्यक सेमेस्टर के **प्रवेश पत्र दिनांक 09/05/2019 दिन गुरूवार को अपरान्ह 12:00 बजे से विश्वविद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड किये जा सकेंगे।**

(आनन्द कुमार)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप

कार्यालय – अधिष्ठाता, शैक्षिक किया कलाप

हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर– 208 002

पत्र सं0: 17 /शैक्षिक/प0आ0/2018–19 दिनांक: 16/04/2019

प्रतिलिपि :

1. समस्त विभागाध्यक्षों को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि इसे विभाग के सूचना पट्ट पर छात्रों के संज्ञानार्थ प्रदर्शित किये जाने की व्यवस्था करें तथा सम्बन्धित संकाय सदस्यों को भी अवगत कराते हुये परीक्षा आवेदन पत्रों को निर्धारित तिथि तक शैक्षिक अनुभाग को प्रेषित करने का कष्ट करें।
2. सभी विभागाध्यक्षों से अनुरोध है कि दिनांक 06/05/2019 दिन सोमवार को आधार मानते हुये वर्तमान सेमेस्टर में विधा में अध्ययनरत् समस्त छात्रों की उपस्थिति का सम्पूर्ण विवरण को विषयवार प्रस्तुत करें। **प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्रों के लिए प्रत्येक विषय में न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति की अनिवार्यता है।** तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष के ऐसे छात्रों जिनकी औसत उपस्थिति 75 प्रतिशत से न्यून हो जिनकी उपस्थिति को लाल रंग से रेखांकित कर उपलब्ध कराये। सभी विभागाध्यक्ष उपस्थिति का ब्यौरा विलम्बतम दिनांक 06/05/2019 दिन सोमवार को सायं 3:00 बजे तक शैक्षिक अनुभाग को अवश्य उपलब्ध कराने का कष्ट करें। **उक्त सूचना प्राप्त न होने की दशा में आपके विभाग के छात्रों को एडमिट कार्ड वितरित नहीं किये जायेंगे तथा इस हेतु शैक्षिक अनुभाग किसी भी प्रकार उत्तरदायी नहीं होगा।**
3. वरिष्ठ परीक्षाधीक्षक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4. परीक्षा नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि इसे समस्त छात्रावासो के सूचना पट्टों पर छात्र के संज्ञानार्थ प्रदर्शित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आदेशित करने का कष्ट करें।
6. सिस्टम मैनेजर, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को इस आशय के साथ प्रेषित है कि उक्त सूचना को "Final Examination Notice 2018-19 (Even Semester)" शीर्षक से विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड/प्रदर्शित कराने का कष्ट करें तथा ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरे जाने की प्रक्रिया की आवश्यक निगरानी भी करें।
7. कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को सूचनार्थ प्रेषित।
8. वित्त नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को सूचनार्थ प्रेषित।
9. स्टाफ आफीसर, कुलपति कार्यालय को इस आशय के साथ प्रेषित है कि इसे माननीय कुलपति महोदय के संज्ञान में लाने का कष्ट करें।
10. सूचना पट्ट, शैक्षिक अनुभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।

(आनन्द कुमार)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप